# डिप्टी सीएम दिया ने आंगनवाडी केन्द्र का किया निरीक्षण

■ भोजन और दूध की गुणवत्ता देखी, कहा सुविधाओं में न रहे कोई कमी

**राजसमंद, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार सुबह उपखंड क्षेत्र के भोपजी की भागल ग्राम स्थित आंगनबाडी केंद्र पहुंचीं। यहां उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और भोजन एवं दूध की गुणवत्ता की जांच की। बच्चों के प्रति अपने स्नेह और सरल स्वभाव का परिचय देते हुए उपमुख्यमंत्री स्वयं उनके साथ जमीन पर बैठी और उत्साह से भरे पल साझा किए। बच्चों ने कविताएं, कहानियां सुनाकर उपमुख्यमंत्री का मन मोह लिया।

उपमुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए उनके ज्ञान का स्तर भी परखा और जीवन में सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केंद्र बच्चों की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं और राज्य सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ आत्मीयता से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे भोजन और खेल-कूद की सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ कुछ पल बिताए और बडे ही आनंद से उनसे कविताएं सुनी और बात की। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी कविताएं सुनाईं। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि बच्चों को पोषण युक्त भोजन दिया जा रहा है और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र के कामकाज की सराहना की और कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। उपस्थित अधिकारियों और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के समग्र विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा और पोषण युक्त वातावरण मिलना चाहिए, क्योंकि यही उनके उज्ज्वल और सशक्त भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि बच्चों को शुरुआती वर्षों में ही ऐसा वातावरण मिले, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सर्वोत्तम हो सके। इस दौरान विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी, समेकित बाल विकास सेवाएं उपनिदेशक दीपेंद्र सिंह राठौड, समाजसेवी माधव जाट आदि मौजूद रहे।

## अस्पताल में उमस से मरीज बेहाल

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के मेडिकल वॉर्ड थर्ड यूनिट में सभी एसी बंद हो गए है। इससे मरीज गर्मी, उमस ओर मच्छरों से बेहाल हैं। मरीज ओर उनके परिजन हवा कर गर्मी से बचने का प्रयास करते हैं। वहींए कई लोग घरों से टेबल पंखे लाकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

श्री हरिदेव जोशी जिला अस्पताल डूंगरपुर के इमरजेंसी वार्ड के ठीक ऊपर मेडिकल वॉर्ड थर्ड यूनिट चल रही है। इसमें करीब 5० मरीजों को भर्ती करने की क्षमता है। वार्ड में कई एसी लगे हुए हैं, ताकि लोगों को वातानुकूलित सुविधा मिल सके, लेकिन इन दिनों वार्ड ने लगे सभी एसी बंद हैं।

## पोस्टर का विमोचन

**कपासन, (निसं)।** मंसूरी समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब में 2 नवम्बर रविवार को होगा। सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया। मंसूरी एज्यूकेशनल एण्ड वेलफैयर सोसायटी उदयपुर के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी के अनुसार 2 नवम्बर को होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन मे दुल्हा-दुल्हन से 11786 रूपये लिये जायेगें एवं उपहार मे 21500 रूपये की एफ.डी. दी जायेगीं। बारात आमद 07:30 बजे होगी इसके बाद खाना, निकाह, व 2 बजे बारात की विदाई होगी।सोसायटी के सैक्रेट्री ज़ाहिद मोहम्मद मंसूरी के अनुसार दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के बुलन्द दरवाजा के बाहर सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास मंसूरी, सदर मंसूरी समाज कपासन हाजी मोहम्मद खाँ मंसूरी, अ.वि.वि.नि. के पूर्व एक्सईएन इस्हाक मंसूरी, मुंशी मंसूरी व मंसूर अहमद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** वाघपुरा थाना पुलिस ने पांच माह से फरार लूट की वारदात करने वाले को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार चन्दु पुत्र थावरा निवासी वणीबोर खेरवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 19 मार्च सांय मैं वणीबोर खेरवाड़ा से बाईक पर ससुराल नैनबारा जा रहा था। इस दौरान पिछे से बाईक पर आए तीन बदमाशों ने रोक कर तलवार दिखा कर मुझसे रूपये, मासेबाईल व बाईक लूट ले गए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर पांच माह से फरार आरोपी प्रेम प्रकाश पुत्र बाबुलाल निवासी खाण्डी ओवरी निचनला फला खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर**
(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
"salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur-313002
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/416 दिनांक :-12.8.2025
Registered

**-: जाहिर आम सूचना ( दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण ):-**

आवास संख्या 2/245 आयवर्ग LIG माप 72.00 वर्गमीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा सुश्री प्रियंका श्रीमाली पुत्री श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली को आवंटन पत्रांक 497 दिनांक 29.06.2006 द्वारा आवास का आवंटन कर दिनांक 21.08.2006 को भौतिक कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 163 दिनांक 27.05.2015 द्वारा सुश्री प्रियंका श्रीमाली पुत्री श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली को जारी किया गया। इस आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 01.06.2015 को सुश्री प्रियंका श्रीमाली पुत्री श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली द्वारा अपने पक्ष करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त सुश्री प्रियंका श्रीमाली पुत्री श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली ने उक्त आवास मुख्तियार नामा आम (पंजीकृत) दिनांक 22.02.2023 आलेखित कर श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली पुत्र श्री केशरीलाल श्रीमाली को नियुक्त किया गया। श्री दिनेश चन्द्र श्रीमाली पुत्र श्री केशरीलाल श्रीमाली ने मुख्तियारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 27.07.2023 द्वारा श्री खुमान सिंह सेवालिया पुत्र श्री सोहन सिंह को किया गया। श्री खुमान सिंह सेवालिया पुत्र श्री सोहन सिंह ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

श्री खुमान सिंह सेवालिया पुत्र श्री सोहन सिंह ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 2/245, भुवाणा आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री खुमान सिंह सेवालिया पुत्र श्री सोहन सिंह के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर



**कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द**
**जिला-राजसमन्द**
क्र: नपरा/राजस्व/2025-26/3490 दिनांक 8.8.25

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेशचन्द्र पिता श्री भगवतीलालजी शर्मा, निवासी कमला नेहरू हॉस्पीटल के पास, कांकरोली, तहसील व जिला-राजसमन्द। द्वारा पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम धोइन्दा के आराजी नं. 748 से 752 पट्टा नं. 4362 दिनांक 5.8.2010 भूखण्ड सं. ए का क्षेत्रफल 12578.31 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भूखण्ड संख्या ए-2 का क्षेत्रफल 998.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/नामांतरण चाही गई है, जिसके पड़ौस निम्नानुसार है :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व | :- | 42'6" | पड़ौस | :- | रास्ता 20 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | :- | 46'0" | पड़ौस | :- | भूखण्ड संख्या ए2-1 |
| उत्तर | :- | 22'00 | पड़ौस | :- | रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| दक्षिण | :- | 44'8'8" | पड़ौस | :- | भूखण्ड संख्या ए4 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उप विभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द


## स्ट्रीट डॉग्स का बच्चे पर हमला, घायल

**उदयपुर, (का.स.)।** उदयपुर में पांच साल के मासूम पर स्ट्रीट डॉग्स ने घेरकर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिरा उसे घसीटते रहे। बच्चे के चिल्लाने की आवाज सुन उसकी मां वहां पहुंची। महिला ने कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया। बच्चे के कुत्तों ने पेट व अन्य जगह पर काट खाया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया।

घटना रविवार दोपहर डेढ की है। शहर के न्यू आरटीओ रोड स्थित गौतम विहार कॉलोनी में रहने वाले दिनेश साहू के बेटे गौरांश पर किड्स स्कूटर चलाते समय कुत्तों ने हमला किया था। कुत्ते ने बच्चे के पेट.पैर पर काट लिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां प्रीति बाहर आई। परिजन बच्चे को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने एनिमल एंड संस्था को कॉल कियाए लेकिन कोई मदद नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि दो माह पूर्व भी भी शहर की खारोल कॉलोनी में 8 साल के मासूम बच्चे पर कुत्तों का झुंड टूट पडा था। कुत्तों ने बच्चे के हाथ, पैर और कमर में काटा था। घटना का सीसीटीवी फुटेज आने के बाद आवारा कुत्तों को पकडने की मांग उठी थी। वहीं एक वर्ष पूर्व मस्तान बाबा दरगाह के पास एक पांच साल की बच्ची को कुत्तों ने बुरी तरह नोच लिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी।गौरतलब है कि हाईकोर्ट स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम भेजने का दे चुका आदेश बता दें हाल ही में कुत्तों के हमलों को गंभीर मानते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम को इन्हें पकडने और आबादी वाले क्षेत्रों से हटाने की पूरी छूट दी थी। कोर्ट ने निर्देश दिए कि 8 सप्ताह में सभी स्ट्रीट डॉग को शेल्टर होम में भेजा जाए।

## नव आगंतुक छात्राध्यापकों का दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ

**उदयपुर,(कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित शिक्षा संकाय के बीए बीएड, बीएससी बीएड के नव आगन्तुक छात्राध्यापकों के लिए दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ सोमवार को महाविद्यालय के सभागार में कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. सुनिता मुर्डिया ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने नवप्रवेशित छात्राध्यापकों का आव्हान किया कि सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास जरूरी है। लक्ष्य निर्धारित, टाईम मैनेजमेंट, स्वयं के प्रति जिम्मेदार, आत्म अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे, तो जीवन में कभी असफल नहीं होंगे। जीवन में हमेशा सपने उंचे देखे और लक्ष्यों को छोटे छोटे टुकड़ो में बांट कर पूरा करने का प्रयास करें, लक्ष्य ही अगर छोटा होगा तो आप जीवने में कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। संस्थापक जनुभाई कहा कहते थे कि कोई विद्यार्थी फेल होता है तो वह शिक्षक को फेल मानते थे, उनका मानना था कि शिक्षक में ही कोई कमी रही होगी जिसके कारण विद्यार्थी फेल हुआ है।

कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि संस्थापक मनीषी पंडित नागर ने वंचित वर्ग को शिक्षा की अलख से जोड़ने के उद्देश्य से आजादी के दस वर्ष पूर्व 1937 में राजस्थान विद्यापीठ की स्थापना की। जो सपना जनुभाई ने देखा था वह अब पूरा हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने पर जोर दिया। प्रारंभ में प्रभारी डॉ. सुनिता मुर्डिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दीक्षारंभ समारोह की जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. सौनल चैहान, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. दर्शना दवे, डॉ. सरोज प्रजापत, ओजस्वी सारंगदेवोत, नलिनी सिंह चुंडावत, संजय भारद्वाज, डॉ. दीपक दशोरा, किरण जैन सहित विद्यार्थी उपथित थे। समारोह में अतिथियों द्वारा डॉ. ललित श्रीमाली द्वारा सम्पादित हिन्दी आलोचना की पुस्तक मेला आंचल स्वरूप और सरोकार का विमोचन किया गया। संचालन डॉ. अर्पिता मट्ठा ने किया जबकि आभार डॉ. ललित श्रीमाली ने जताया।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त-उदयपुर**
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001 )
Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/294 दिनांक :-7.7.2025
Registered

**-: जाहिर आम सूचना ( दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण ):-**

आवास संख्या B-90 आयवर्ग MIG-A माप 90.00 वर्गमीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना-बलिचा शहर उदयपुर का श्री प्रकाश चन्द्र राजपूत पुत्र श्री बृजमोहन राजपूत को आवंटन पत्र पत्रांक 2225 दिनांक 28.01.2012 जारी कर दिनांक 01.08.2013 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1028 दिनांक 12.08.2013, श्री प्रकाश चन्द्र राजपूत पुत्र श्री बृजमोहन राजपूत को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 23.08.2013 द्वारा श्री प्रकाश चन्द्र राजपूत पुत्र श्री बृजमोहन राजपूत के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री प्रकाश चन्द्र राजपूत पुत्र श्री बृजमोहन राजपूत ने उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 23.08.2013 को श्रीमती दीपा चांवला पत्नी श्री महेन्द्र चांवला को किया गया। श्रीमती दीपा चांवला पत्नी श्री महेन्द्र चांवला ने पुन: उक्त आवास का बेचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 20.03.2014 को श्री बगदी लाल पुत्र श्री दिपचन्द भाणावत को किया गया। श्री बगदी लाल पुत्र श्री दिपचन्द भाणावत ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया।

श्री बगदी लाल पुत्र श्री दिपचन्द भाणावत ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या B-90, दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री बगदी लाल पुत्र श्री दिपचन्द भाणावतके पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**
क्रमांक: F.11( )/Regin-II/2025/1172
दिनांक:18.8.25

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आयड के खसरा नम्बर 847, 848, 849, 850,851,852, 853, 854, 855, 856, 857, 858,859, 860, 861, 862, 863, 871 के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 20 क्षेत्रफल 2354.00 वर्गफिट के नियमन हेतु श्री पंकज कुमार पिता श्री तेज सिंह मेहता निवासी-37-ए, सर्वऋतु विलास, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड आवेदक द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र दिनांक 18/07/1990 से श्री अमरा, जगन्नाथ पिता श्री भेराजी डांगी जरिये मुख्तियार आम रजि.पावर ऑफ एटॉनी होल्डर श्री सज्जन सिंह सरूपरिया पिता श्री अम्बालाल जी सरूपरिया से शामिलात रूप में क्रय कर प्राप्त किया है।

अत:वर्णित भूखण्ड का पट्टा-विलेख आवेदक श्री पंकज कुमार पिता श्री तेज सिंह मेहता, निवासी-37-ए, सर्वऋतु विलास उदयपुर (राज.) के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

जितेन्द्र ओझा
उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


## प्रेमी-दोस्तों पर हमले के मामले में प्रेमिका सहित 8 गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना पुलिस ने बोकडसेल में प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी व उसके दोस्तों पर जानलेवा हमले के मामले में प्रेमिका व उसके पिता सहित 8 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त जीप व बाइक को भी जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हमले के दौरान भागते समय प्रेमी के एक दोस्त की तालाब में डूबने से मौत भी हो गई थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहींए शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है। डूंगरपुर जिले के थानाधिकारी तेजकरण चारण ने बताया कि 15 अगस्त को पाल मांडव फला घाटिया घरा निवासी आशाराम पुत्र मोहन डेंडोर ने रिपोर्ट में बताया था कि उसका इलाके की एक युवती से 3 साल से प्रेम संबंध है। 13 अगस्त की रात को उसकी प्रेमिका ने फोन कर बताया कि उसके घर वाले उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। तुम आकर मुझे बचा लो। नहीं तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगी। जिस पर आशाराम अपने दोस्त अनिल रावल की कार से दोस्त पंकज अहारी ओर अरविंद परमार चारों अहमदाबाद से प्रेमिका के घर जाने के लिए निकले। आधी रात के बाद बोकडसेल पहुंचे। बोकडसेल पुलिया के पास जाते ही प्रेमिका के परिवार के 15 से 2० लोग हाथों में लट्ठ पत्थर और कमांडर जीप लेकर खडे थे। सभी ने लट्ठ पत्थर लेकर हमला कर दिया। हमले से कार के शीशे फूट गए। वही पथराव से बचने के लिए चारों दोस्त भागे। आशाराम, अनिल रावल और अरविंद तीनों भागते हुए जान बचाने के लिए बोकडसेल तालाब में कूद गए। आशाराम ओर अरविंद दोनों तैरकर तालाब से बाहर आ गए, लेकिन पथराव में अनिल को ज्यादा चोटें आने से वह तालाब से बाहर नहीं आ सका और डूब जाने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू दी थी।

## स्वतंत्रता दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** साई तिरुपति विवि में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। प्रेसीडेंट डॉ. प्रशांत नाहर, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र जैन, पिम्स के प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल ने झंडारोहण किया।

डॉ. नाहर ने समारोह में उपस्थित विवि के संघटक कॉलेजों के प्रिंसिपल, चिकित्सकगण, फैकल्टी, स्टाफ तथा छात्रों को कहा कि स्वतंत्रता दिवस गर्व, सम्मान और आत्मचिंतन का दिन है। हमें स्वतंत्रता सैनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए आजादी के महत्व को समझना चाहिये। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए तथा नए विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आज की छात्रशक्ति एवं शिक्षकों को सकारात्मक सोच के साथ समाज एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें।

## ऑरियनटेशन प्रोग्राम शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एज्युकेशन मे आज से तीन दिवसीय ऑरियन्टेशन प्रोग्राम प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हेमन्त कोठारी प्रेसिडेंट पाहेर युनिवर्सिटी थे एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. दिलेन्द्र हिरण (चेयरमैन फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टैक्नोलोजी) थे।

प्रो. कोठारी ने कहा कि शिक्षक समाज व देशहित में अपना अमूल्य योगदान देकर भावी पीढी का निर्माण करता है, अत: अध्यापन के क्षेत्र को चुनना सौभाग्य का विषय है। प्राचार्य डॉ. कपिलेश तिवारी ने कहा कि अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में पेसिफिक कॉलेज सदैव गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करता आया है।


**नाम परिवर्तन**

मैं शकीला बेगम (SHAKILA BEGUM ) W/0 शकील अहमद निवासी IDBI बैंक के पिछे गरीब नवाज कॉलोनी कांकरोली राजसमन्द अपना नाम बदलकर SHAKILA BEGAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**नाम परिवर्तन**

मैं शकील अहमद (SHAKIL AHMAD PATHAN) S/0 अब्दुल मजीद निवासीIDBI बैंक के पिछे गरीब नवाज कॉलोनी कांकरोली राजसमन्द अपना नाम बदलकर SHAKIL AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।



क्षेत्रीय कार्यालय
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
एफ: 470, यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादडी, उदयपुर (राज.)
ई-मेल: rorpcbudaipur@gmail.com फोन नं.: 0294-2491269

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये आम सूचना**

विषयः- मैसर्स वालिया इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, खसरा नं. 3315, ग्राम लकड्वास, तहसील-गिर्वा, जिला-उदयपुर proposed beneficiation of Rock Phosphate Plant of capacity 0.3 MTPA (1,000 TPD) proposed at Khasra no- 3315, Village-Lakadwas, Tehsil- Girwa, District- Udaipur (Rajasthan) for an area of 2.5920 Ha. (25,920 Sq.m) promoted by M/s Valiya Industries Limited हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स वालिया इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, खसरा नं. 3315, ग्राम-लकड्वास, तहसील- गिर्वा, जिला-उदयपुर प्रस्तावित परियोजना beneficiation of Rock Phosphate Plant of capacity 0.3 MTPA (1,000 TPD) proposed at Khasra no- 3315, Village-Lakadwas, Tehsil-Girwa, District- Udaipur (Rajasthan) for an area of 2.5920 Ha. (25,920 Sq.m) promoted by M/s Valiya Industries Limited का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया है तथा परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई बाबत आवेदन किया गया है।

2. और चूंकि मण्डल को उक्तपरियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9. 2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। 3. उक्त परियोजना से सबन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:-1) कार्यालय जिला कलेक्टर, उदयपुर। 2) सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय-4, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 3) क्षेत्रीय कार्यालय वन, पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ए-216, अरन्य भवन संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर। 4) क्षेत्रीय कार्यालय वन एंव पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वां तल, सेक्टर एच, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) 5) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, उदयपुर। 6) उपखण्ड अधिकारी, तहसील-गिर्वा, जिला-उदयपुर। 7) सरपंच, ग्राम लकड्वास, तहसील-गिर्वा, जिला-उदयपुर। 8) निदेशक, पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितिय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर। 9) क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, एफ-470, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, मादडी उदयपुर (राज)। अतः सर्व साधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बन्धित लोक सुनवाई दिनांक 25.09. 2025 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ग्राम लकड्वास, तहसील-गिर्वा, जिला-उदयपुर में उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण, मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते है।

क्षैत्रीय अधिकारी



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राजस्थान)**
क्रमांक:- F.9( ) भू.रु./GEN/2025/ दिनांक: 12/8/2025

**आम - सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सवीना की खसरा संख्या 1067 में स्थित भूखण्ड संख्या-20 कुलिया क्षेत्रफल 26910'.0 वर्गफीट है जिसका कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृषि भूमि रूपान्तरण) प्रथम/द्वितीय उदयपुर द्वारा पट्टा नम्बर 813 दिनांक 01-06-1994 को ओम बाबू पिता श्री सुन्दरलाल व्यास के नाम पट्टा जारी किया गया। वर्तमान में न्यास के नामान्तरण पत्र क्रमांक 177 दिनांक 22-01-2002 श्री राजीव मंत्री श्री मनमोहन मंत्री के नाम न्यास आलेखो में दर्ज है। यह कि उक्त वर्णित भूखण्ड को श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल द्वारा श्री राजीव मंत्री श्री मनमोहन मंत्री से जरिये मुख्तियार आम श्री मनमोहन पिता श्री माधवलाल मंत्री से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02-04-2025 से क्रय किया गया है।

श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में विक्रय पत्र, मुख्तियार नामा एवं शपथ पत्र आदि प्रस्तुत कर उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 20 का उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में अपने नाम नामान्तरण चाहा गया है।

उक्त राजस्व ग्राम सवीना की खसरा संख्या 1067 में स्थित भूखण्ड संख्या-20 कुलिया क्षेत्रफल 26910'.0 वर्गफीट का श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल, निवासी ए-203, एलिट गोल्फ ग्रीन्स, सेक्टर 79, नोएडा, गोतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) के नाम नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं संबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. अभिनव शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


## पदक जीते

**उदयपुर, (कासं)।** भोपाल में हाल ही में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित वेस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता में नींव चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। तैराक नींव चौधरी ने सौ मीटर और दो सौ मीटर बैक स्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को लेकर ली बैठक

**राजसमंद, (निसं)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार सुबह कुंभलगढ दुर्ग पहुंची, जहां उन्होंने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को लेकर बैठक ली। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आभारी हैं क्योंकि उन्होंने भी महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट पर निरंतर जोर दिया है।

महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट पर तीव्र गति से कार्य होगा और यह राजस्थान के इतिहास में एक बडा काम होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के द्वारा दिए गए सुझावों को अंतिम से प्लान में शामिल करने का यथा संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्किट में कुम्भलगढ को भी शामिल किया जाएगा। कंसल्टेंट प्लानर को महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के प्लान को जल्दी ही अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा यही है कि राज्य हर क्षेत्र में आगे बढे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत ने कहा कि महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के प्लान को जल्द अंतिम रूप से देते हुए इस सर्किट को मूर्त रूप में लाया जाएगा और इस दिशा में सभी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। लाखावत ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के प्लान को अंतिम रूप से तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी। नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड ने कहा कि महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के कार्यों में इस बात का ध्यान रखा जाए कि केवल पर्यटन पर ही जोर न रह जाए, महाराणा प्रताप के जीवन के पहलुओं पर भी पूरा गंभीरता से ध्यान रख कर संतुलित किया जाए।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/10651 दिनांक : 18.8.2025

**- : आपत्ति सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री कृष्णकांत गुर्जर पिता स्व. श्री नारायणलाल गुर्जर, वल्लभपुरा, नाथद्वारा | भूखण्ड क्षेत्रफल- 2157 वर्गफिट, वल्लभपुरा, नाथद्वारा | रास्ता एवं मकान गोपाल जी | रास्ता एवं मीरा भवन | गली एवं मकान घनश्यामदास जी | रास्ता एवं मकान हरजी फुलगरीया |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा


## धारा 411 में संशोधन को लेकर प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**उदयपुर, (का.स.)।** उदयपुर और राजसमंद में पुलिस कस्टडी में ज्वेलर्स की मौत के मामले में सोमवार को उदयपुर में सोनी समाज ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन देकर केंद्र सरकार से भारतीय दंड संहिता की धारा 411 में संशोधन करने की मांग की।

क्षत्रिय मेढ स्वर्णकार समाज संस्था उदयपुर संभाग के अध्यक्ष औंकार लाल सोनी ने बताया कि धारा 411 में संशोधन किया जाए। हमारे समाज के ज्वेलर व्यापारी को इस धारा में उलझाया जाता है और पुलिस चोर के कहने पर उसे पकड कर ले आती है। महाराष्ट्र में तो पुलिस किसी ज्वेलर को लेकर आती है तो पहले संबंधित समाज के पदाधिकारियों को बुलाया जाता है और उसके बाद पूरा प्रोसेज किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे कोई व्यापारी चोरी का माल लेता ही नहीं है। संभागीय महासचिव विश्वशंकर स्वर्णकार ने बताया कि चोर के बयानों के बाद पुलिस हमारे ज्वेलर्स को उठाकर ले जाती है और ऋषभदेव और कांकरोली में ज्वेलर की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उदयपुर के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में डूंगरपुर के बिछीवाडा निवासी सुरेश पंचाल (55) को पूछताछ के लिए ऋषभदेव थाने लाया गया था। थाने में उसकी तबीयत खराब हो गई और बाद में उसकी मौत हो गई थी। इसी प्रकार राजसमंद में भी एक ज्वेलर को थाने बुलाया और उसकी तबीयत बिगडी और उसकी मौत हो गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बावी, पंचायत समिति फलासिया जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापं./2025-26/spl-02 दिनांक-12/8/2025

**-:ई निविदा सूचना -02/2025-26:-**

ग्राम पंचायत अम्बावी में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे निर्माण कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 14.08.2025 से दिनांक 23.08.2025 समय सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

eproc id 2025_PRD_494249_1

| प्रशासक | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत अम्बावी | ग्राम पंचायत अम्बावी |
| पं.स.फलासिया | पं.स.फलासिया |
| जिला-उदयपुर ( राज. ) | जिला-उदयपुर ( राज. ) |



राजस्थान सरकार

**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**

**कार्यालय पंचायत समिति मावली जिला उदयपुर राजस्थान**

दूरभाष -02955-263906 Email:mmegsmavli@gmail.com

क्रमांकः पं.स.मा.( )/लेखा/केश/2025-26/1038 दिनांक-18.08.2025

**सभी क्षेत्रवासियों से अपील है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजना का लाभ उठाएं**

**सार्वजनिक अपील**

1. मनरेगा योजना मै जॉब कार्ड बनवाएं एवं 100 दिन का रोजगार प्राप्त करें।
2. घर में शौचालय बनवावे एवं परिवार के समस्त सदस्य गरिमा पूर्ण जीवन जिए।
3. पूर्व मे बने शौचालय में तकनीकी सुधार करवाए एवं दो खड्डा वाला शौचालय बनवावे।
4. पेंशन योजना में वृद्धावस्था विधवा अवस्था एवं दिव्यांग पेंशनर हेतु लाभार्थी ईमित्र से ऑनलाइन आवेदन कर पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करें।
5. जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अनिवार्य रूप से करावे।
6. अपने आसपास स्वच्छता पूर्ण ध्यान रखें एवं कचरा पात्र का उपयोग करें।
7. जल है तो कल है अत: अपनी व्यर्थ ना बहाए।
8. अधिक से अधिक पेड लगाए एवं पर्यावरण की भी रक्षा करें।
9. पर्यावरण को बचाने की हर दिन करें कोशिश हम सभी छोटी-छोटी चीज करके हर दिन को पर्यावरण दिवस मना सकते है और वातावरण को शुद्ध बनाने में मदद कर सकते है हमारे घर और ऑफिस परिसर में पेड लगाकर हम अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।

| प्रधान | विकास अधिकारी |
|---|---|
| पंचायत समिति मावली, | पंचायत समिति मावली, |
| जिला उदयपुर | जिला उदयपुर |